भोले बाबा की दीवानी हो गई

भोले बाबा की दीवानी हो गई,
आपकी गौरा सयानी हो गई.....

बीता बचपन और लड़कपन खेल में,
अब शुरू इनकी कहानी हो गई,
भोले बाबा की दीवानी हो गई.....

मिट नहीं सकता लिखा जो तकदीर का,
बात सच लेकिन पुरानी हो गई,
भोले बाबा की दीवानी हो गई.....

हाथ में लिखा जबाबी तक नहीं,
देखकर दुर्गे भवानी हो गई,
भोले बाबा की दीवानी हो गई.....

तब करें वरदान में शंकर मिले,
सुनके गौरा पानी पानी हो गई,
भोले बाबा की दीवानी हो गई.....

जन्मो जन्मो तक चली इनकी कथा,
और अमर इनकी कहानी हो गई,
भोले बाबा की दीवानी हो गई.....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/32604/title/bhole-baba-ki-diwani-ho-gayi

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |